कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड
कुल्हान, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून

संख्या–4643 / नियोजन / 13–113(1) / 2021 दिनांक 31 दिसम्बर, 2021

अभिरूचि की अभिव्यक्ति / आवेदन पत्र आमंत्रण (समय विस्तार सूचना)

कृपया इस कार्यालय की विज्ञप्ति संख्या–4429 / नियोजन / 13–113(1) / 2021 दिनांक 14 दिसम्बर, 2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके अन्तर्गत सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना संख्या–652(अ) दिनांक 23–09–2021 के क्रम में डोईवाला क्षेत्र (जनपद देहरादून) एवं रूद्रपुर नगर क्षेत्र (जनपद उधमसिंहनगर) स्वचालित वाहन परीक्षण केन्द्रों हेतु इच्छुक ऑपरेटरों (व्यक्तियों / कंपनी / संघ / व्यक्तियों के निकाय / विशेष प्रयोजन वाहन) से दिनांक 31 दिसम्बर, 2021 की अपरान्ह 5 बजे तक अभिरूचि की अभिव्यक्ति / आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है।

उक्त विज्ञप्ति के अन्तर्गत **transport.uk.gov.in** वैबसाईट पर अंकित विस्तृत विवरण के प्रस्तर–(3) कि उप प्रस्तर (ठ) में निम्नवत् संशोधन किया जाता हैः–

वर्तमान प्रस्तर	संशोधित प्रस्तर
(ठ) जहां स्वचालित परीक्षण केन्द्र स्थापित किया जाना है, विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक को, वह परिसर या तो स्वामी के स्वामित्व में हों या कम से कम दस वर्ष की अवधि के लिए पट्टे या भाड़े पर लिया गया हो।	(ठ) जहां स्वचालित परीक्षण केन्द्र स्थापित किया जाना है, **आवेदन पत्र जमा करने के** दिनांक को, वह परिसर या तो स्वामी के स्वामित्व में हों या कम से कम दस वर्ष की अवधि के लिए पट्टे या भाड़े पर लिया गया हो।

उपरोक्त के अतिरिक्त अभिरूचि की अभिव्यक्ति / आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि भी दिनांक 07–01–2022 को अपरान्ह 5.00 बजे तक बढायी जाती है। शेष शर्तें / विवरण पूर्ववत् रहेंगें।

(सनत कुमार सिंह)
उप परिवहन आयुक्त,
उत्तराखण्ड।